# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 10 अप्रैल 2025



GK Search Engine

SUBSCRIBE

Follow us:




Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

**Yesterday, Quiz:**

## Q. राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 'निरामय राजस्थान अभियान' का शुभारंभ किया,?

**(A) 07 अप्रैल**

(B) 01 अप्रैल

(C) 05 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

♦ विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 07 अप्रैल को 'निरामय राजस्थान अभियान' का आगाज किया

♦ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट की तर्ज पर आज राज्य में निरामय राजस्थान अभियान की शुरूआत की गई है।

♦ इसके तहत बीमारियों की रोकथाम के साथ बचाव पर भी जोर दिया जाएगा।

**01.हाल ही में जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने जीरे की कौनसी पहली स्वदेशी किस्म विकसित की है**

(a) जोधपुर जीरा-BC

(b) जोधपुर जीरा-7

(c) जोधपुर जीरा-1

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राजस्थान के किसानों को 22 साल के लंबे इंतजार के बाद बड़ी सौगात मिली है।

♦प्रदेश को जीरे की पहली स्वदेशी वैरायटी 'जोधपुर जीरा-1' मिल गई है।

♦इस नई किस्म को जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सात वर्षों की मेहनत से विकसित किया है।

♦केंद्रीय किस्म विमोचन समिति (सीएससी) ने इस वैरायटी को दिल्ली में हुई बैठक में आधिकारिक मंजूरी दे दी है

इससे पहले 2004 में गुजरात की किस्म जीसी-4 जारी की गई थी

02.हाल ही में किस राज्य में मुख्यमंत्री आयुष आयुष्मान आरोग्य योजना मां में पहली बार आयुर्वेद सेवाओं को शामिल किया है

(A) उत्तरप्रदेश

(B) राजस्थान

(C) हरियाणा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को जयपुर में अनेकों स्वास्थ्य योजनाओं की शुरुआत की।

♦मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना का मोबाइल ऐप व आयुष पैकेज लांच किए

♦मुख्यमंत्री आयुष आयुष्मान आरोग्य योजना मां में पहली बार आयुर्वेद सेवाओं को शामिल किया है।

♦राजस्थान में, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत, राज्य सरकार प्रदेश के आम नागरिकों को 25 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज प्रदान कर रही है.

♦ अब प्रदेश के मरीज दूसरे राज्य के किसी हॉस्पिटल में फ्री इलाज करा सकेंगे।

03.राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की पुरस्कार समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के पुरुष वर्ग के लिए हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग) में किसे चुना गया है?

(a) पंकज सिंह

(b) दीपक चाहर

(c) महिपाल लोमरोर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने वर्ष 2024-25 के पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए 25 मार्च, 2025 को कई अवॉर्ड प्रदान किए गए।

♦इसमें पुरुष पूर्व महिला वर्ग के अलग-अलग वर्ग के राष्ट्रीय टुर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अवार्ड दिया है।

♦हनुमंत सिंह अवॉर्ड (सीनियर वर्ग) पुरूष वर्ग:- महिपाल लोमरोर व महिला वर्ग:- सुमन मीणा

♦ प्रशस्ति-पत्र व ₹51 हजार की पुरस्कार राशि

04. भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ द्वारा 14-19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन कहां किया जाएगा?

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

✅ भारतीय वुशू संघ व राजस्थान वुशू संघ द्वारा 14-19 जून तक 34वीं सीनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में किया जाएगा।

♦इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग लेंगे।

♦ 18वीं राज्य सीनियर वुशू प्रतियोगिता 21-23 मार्च, 2025 को पुष्कर में आयोजित की गई।

05. राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किस नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारम्भ किया है?

(a) कोठारी नदी

(b) मेज नदी

(c) पाटली नदी

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 13 मार्च, 2025 को पाटली नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारम्भ किया।राजस्थान के कोटा जिले के रामगंज मण्डी क्षेत्र में जुल्मी गाँव में स्थित यह छोटी नदी है।

♦ ₹5 करोड़ की लागत से पूर्ण होने वाले इस कार्य के अन्तर्गत नदी की तलछट में जमे मलबे, काँच, पत्थर के टुकड़ों व अन्य अपशिष्ट को निकाला जाएगा तथा इसकी चौड़ाई 40 मीटर में की जाएगी।

♦उल्लेखनीय है कि यह नदी प्रदूषण, अतिक्रमण और रख-रखाव की कमी के कारण लगभग विलुप्त हो चुकी थी।

06. राजस्थान के किस जिले में देश का दूसरा सबसे बड़ा 2.5 मीटर का टेलीस्कोप ब्रहा स्थापित किया गया है

(A) जयपुर

(B) अजमेर

(C) सिरोही

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ सिरोही के माउंट आबू में 1680 मीटर की ऊंचाई पर स्थापित देश की पहली इंफ्रारेड वेधशाला में देश का दूसरा सबसे बड़ा 2.5 मीटर का टेलीस्कोप ब्रह्मा वर्ष 2025 में काम करना शुरू कर देगा।

♦देश का सबसे बड़ा 3.6 मीटर का टेलीस्कोप नैनीताल के देवस्थल में है।

♦माउंटआबू में दूसरा सबसे बड़ा स्टीयरेबल टेलीस्कोप है, जिसे (फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी) पीआरएल और बेल्जियम के एडवांस्ड मैकेनिकल एंड ऑप्टिकल सिस्टम ने विकसित किया है।

♦टेलीस्कोप ब्रह्मा से  बाह्य ग्रहों की खोज करना आसान हो जाएगा। ब्रह्मांड की कई गुत्थियां सुलझेंगी।

♦तारों के बनने की प्रक्रिया सहित मंदाकिनीय स्त्रोतों का अध्ययन भी कर सकेंगे।

07.राजस्थान के किस जिले में भारतीय गो विज्ञान आधारित राज्य का पहला धार्मिक विश्वविद्यालय  बनाया जा रहा है?

(A) बीकानेर

(B) जयपुर

(C) सिरोही

(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:**

➥राजस्थान का पहला धार्मिक विश्वविद्यालय – सुरभि विश्वविद्यालय (नंदगांव,सिरोही)

♦इस विश्वविद्यालय में भारतीय गो विज्ञान आधारित शिक्षा के साथ आधुनिक शिक्षा व संस्कृत भाषा में पढ़ाई होगी।

♦इसकी लागत 330 करोड़ रुपए है और यह 3 वर्ष में बनकर तैयार होगा

♦इसका संचालन गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा लोक पुण्यार्थ न्यास की ओर से किया जाएगा।

**08.राजस्थान में वर्षाजल सहेजने की परम्परा को पुनर्जीवित करने के लिए कौनसा अभियान शुरू किया गया है**

(A) जल है तो कल है अभियान

(B) जल ही जीवन अभियान

(C) कर्मभूमि से मातृभूमि” अभियान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में मुख्यमंत्री  भजनलाल शर्मा की पहल पर वर्षाजल सहेजने की परम्परा को पुनर्जीवित करने के लिए “कर्मभूमि से मातृभूमि” अभियान शुरू किया गया

♦ इस अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार भामाशाहों और प्रवासी राजस्थानियों को साथ लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण करवाने जा रही है।

♦ यह अभियान जल संचयन में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए “कैच द रेन” अभियान से प्रेरित है।

♦ शुरुआती स्तर पर इस अभियान के अंतर्गत सिरोही, पाली, जोधपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनूं और जयपुर जिलों में कार्य प्रारम्भ किए गए हैं।

**09. पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) द्वारा मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा 2025 की थीम क्या है?**

(a) पोषण से समृद्ध भारत

(b) स्वच्छ जल, स्वस्थ भारत

(c) शुद्ध जल और स्वच्छता से स्वस्थ बचपन

(d) हर घर जल, हर घर पोषण

**Important Facts:**

➥जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) 8 से 23 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा के 7वें संस्करण में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है. यह पहल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सक्षम आंगनवाड़ी योजना के अनुरूप है।

♦इस अभियान की थीम है — "शुद्ध जल और स्वच्छता से स्वस्थ बचपन" (Shuddh Jal aur Swachhta Se SwasthBachpan), जबकि इसकी टैगलाइन है — "पूर्ण पोषण की शुरुआत, शुद्ध जल और स्वच्छता के साथ"।

♦ यह अभियान विशेष रूप से बच्चों के पोषण और समग्र स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ जल एवं स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करता है.

**10. टी20 क्रिकेट में 13,000 रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर कौन बने हैं?**

(a) रोहित शर्मा

(b) विराट कोहली

(c) सूर्यकुमार यादव

(d) केएल राहुल



**Important Facts:**

➡ विराट कोहली ने 7 अप्रैल, 2025 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2025 के एक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और मुंबई इंडियंस (MI) के बीच मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की.

♦ वे यह आंकड़ा छूने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं, जिससे उन्होंने टी20 प्रारूप में अपनी निरंतरता और श्रेष्ठता को एक बार फिर साबित किया है.

**Today, Quiz:**

**Q.राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला 2025 का आयोजन 9 मई से 18 मई तक कहां किया जाएगा?**

(a) उदयपुर

(b) जयपुर

(c) जोधपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine